ENGINEERING be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have decided to impose a ban on the establishment of new re-rolling mills ; and

(b) if so, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STEEL AND HEAVY ENGINEERING (SHRI C. M. POONACHA) : (a) Yes. Sir.

(b) Taking the overall re-rolling capacity in the country, there is no scope for installation of new re-rolling mills.

**जगदलपुर (मध्य प्रदेश) में कागज और गुगदी बनाने का कारखाना**

*946. **श्री भारत सिंह चौहान :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**
**श्री भोला नाथ मास्टर :**

क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सच है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेषज्ञों के अध्ययन दल ने मध्य प्रदेश में जगदलपुर जिले में इन्द्रावती नदी के किनारे पर कागज और लुगदी वनाने का कारखाना स्थापित करने की सरकार को सलाह दी है ;

(ख) उस अध्ययन दल द्वारा प्रस्तावित कारखाने पर होने वाले अनुमानित खर्च का क्या ब्यौरा दिया है ;

(ग) इस कारखाने को स्थापित करने का कार्य कब आरम्भ किया जायेगा और इस पर कुल कितना खर्च आने का अनुमान है; और

(घ) अध्ययन दल को सर्वेक्षण कार्य पूरा करने में कितना समय लगा और इस पर सरकार ने कितनी धनराशि खर्च की ?

**औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) :** (क) राष्ट्र संघ के विकास कार्यक्रम तथा खाद्य कृषि संगठन के एक विशेषज्ञ दल ने अपनी अन्तरिम रिपोर्ट में इस क्षेत्र में काग़ज तथा लुगदी के एक संयुक्त कारखाने की स्थापना की सम्भाव्यता बताई है ।

(ख) दल की विस्तृत रिपोर्ट की अभी प्रतीक्षा की जा रही है ।

(ग) इस रिपोर्ट के आधार पर कारखाने की स्थापना करने के प्रश्न पर विचार विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त हो जाने और उस पर सरकार के विचार कर लेने के पश्चात ही किया जा सकता है । कारखानों की लागत या अस्थायी अनुमान लगभग 28 करोड़ रुपया लगाया गया है ।

(घ) अध्ययन दल ने सर्वेक्षण पूरा करने में साढ़े तीन वर्ष का समय लिया है जो 31 अक्तूबर, 1968 को समाप्त हुआ । भारत सरकार ने उन्हें कर्मचारियों तथा स्थान आदि की व्यवस्था करने के लिये 70.70 लाख रुपये का व्यय किया और इसके अतिरिक्त 58,000 अमरीकी डालर के तुल्य रुपये का व्यय स्थानीय काम की लागत के रूप में किया है ।

**Jawaharlal Nehru Institute for Physically Handicapped Children**

*947. SHRI B. K. DASCHOWDHURY : Will the Minister of LAW AND SOCIAL WELFARE be pleased to state :

(a) whether the Jawaharlal Nehru Institute for Physically Handicapped Children and its hostel are facing closure threat ; and

(b) if so, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW AND IN THE DEPARTMENT OF SOCIAL WELFARE (DR. SHRIMATI PHULRENU GUHA) :